## कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय), दिल्ली

### भर्ती सूचना

निम्न पदों पर भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैः-

| क्रम संख्या | पद कोड | | पद | 7वें के.वे.आ. के अनुसार पे-मैट्रिक्स में लेवल | पदो की संख्या | | | | | कुल | विक्लांग व्यक्ति *** | भूतपूर्व सैनिक **** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अना. | आर्थिक रूप से कमजोर * | अनु. जाति | अनु जन जाति | अ.पि. वर्ग ** | | | |
| 1 | A -5 | A-5 (a) | **चपरासी/अर्दली/डाक पियन** (कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय) दिल्ली में) | 3rd | 111 | 28 | 41 | 21 | 75 | **276** | 11 | 28 |
| | | | **चपरासी/अर्दली/ डाक पियन** (कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, (मुख्यालय) दिल्ली में) | | 00 | 00 | 02 | 01 | 01 | **04** | 01 | 00 |
| | | A -5 (b) | **चौकीदार** (कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय) दिल्ली में) | | 14 | 03 | 05 | 02 | 09 | **33** | 00 | 03 |
| | | A -5 (c) | **स्वीपर/सफाई कर्मचारी** (कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय) दिल्ली में) | | 10 | 02 | 03 | 02 | 06 | **23** | 01 | 02 |
| 2 | A -6 | | **प्रोसेस सर्वर** (कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय) दिल्ली में) | 4th | 30 | 07 | 11 | 06 | 20 | **74** | 03 | 07 |
| | | | **प्रोसेस सर्वर** (कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, (मुख्यालय) दिल्ली में) | | 05 | 00 | 01 | 00 | 01 | **07** | 00 | 00 |

* विद्यमान सरकार के आदेशों/कार्यालय ज्ञापनों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो (ई.डब्ल्यू.एस.) के लिए पद आरक्षित हैं (वे व्यक्ति जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्गो के लिए आरक्षण की योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं)।

** केवल अन्य पिछडा वर्ग (दिल्ली) के उम्मीदवार जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के द्वारा जारी अन्य पिछडा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्र धारक हैं और उनके पास वित्त वर्ष 2020-21के लिए वैध गैर-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र (एनसीएल) है, जैसे कि एनसीएल प्रमाणपत्र आवश्यक तौर पर 01.04.2020 को या उसके बाद जारी किया गया हो, उन्हें ही अन्य पिछडा वर्ग के लिए मान्य आरक्षण/आयु छूट का लाभ दिया जाएगा। (अधिक जानकारी के लिए कृपया सामान्य अनुदेशों (कॉमन इंस्ट्रक्शन्स) का संदर्भ ग्रहण करें)।

*** विद्यमान सरकार के आदेशों/कार्यालय ज्ञापनों के अनुसार पीडब्ल्यूडी (विकलांग व्यक्तियों) के लिए पद आरक्षित रखे गए हैं।

| क्रम संख्या | पद | कुल | विकलांग व्यक्ति (दृष्टिहीन/कम दृष्टि) | विकलांग व्यक्ति (श्रवण बाधित) | विकलांग व्यक्ति (लोकोमोटर विक्लांगता) | विकलांग व्यक्ति स्वलीनता (ऑटिज्म), बौद्धिक विकलांगता, विशिष्ट अधिगम (लर्निंग) विकलांगता व मानसिक बीमारी तथा श्रवणबाधित-दृष्टिहीनता सहित खंड (ए) से (डी) के तहत उल्लिखित विविध विकलांगताएं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **चपरासी/अर्दली/डाक पियन** | 12 | 02 (LV) | 02 (HH) | 08 (OL/OA) | कुछ नहीं |
| 2 | **स्वीपर/सफाई कर्मचारी** | 01 | 01 (LV) | कुछ नहीं | कुछ नहीं | कुछ नहीं |
| 3 | **प्रोसेस सर्वर** | 03 | 01 (LV) | 01 (HH) | 01 (OH) | कुछ नहीं |

➢ **संक्षिप्त रूप - एल वी- कम दृष्टि, एच एच - सुनने में कठिनाई, ओ एच - अस्थि (ऑर्थोपेडिक) विक्लांगता , ओ एल - एक पैर प्रभावित, ओ ए - एक बाजू प्रभावित**

**** विद्यमान सरकार के आदेशों/कार्यालय ज्ञापनों के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों के लिए पद आरक्षित रखे गए हैं।

**नोटः-**

01 रिक्तियों की स्थिति अस्थाई है और इसे भर्ती प्रक्रिया के समापन के समय तक बढाया या घटाया जा सकता है।

02 आवेदन पत्र दिल्ली जिला न्यायालय की वेबसाइट, जो है www.delhidistrictcourts.nic.in पर केवल ऑनलाइन दाखिल किए जाने चाहिए। किन्हीं अन्य माध्यमों के द्वारा दाखिल किए गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन फार्म भरने के लिए उम्मीदवार के पास एक वैध ई-मेल पता और मोबाइल नंबर होना चाहिए।

03 ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया दिनांक 07.02.2021 को 10.00 बजे प्रातः (भामास) से शुरू होगी और यह दिनांक 21.02.2021 को सायं 05.00 बजे (भामास) को समाप्त होगी और इसके बाद लिंक बंद हो जाएगा और इसके उपरांत किसी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

04 चपरासी/अर्दली/डाक पियन, चौकीदार और स्वीपर/सफाई कर्मचारी (पद कोड–**ए-5**) के लिए एक कॉमन परीक्षा (वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पी-प्रश्न/एमसीक्यू टेस्ट) होगी तथा प्रोसेस सर्वर (पद कोड–**ए-6**) के पद के लिए एक अलग परीक्षा होगी। प्रत्येक **पद कोड के लिए अलग** से फीस ली जाएगी। निर्देश मैन्यूअल में दिए गए मापदंडों (पैरामीटर्स) की शर्तों के अनुसार योग्य होने पर उम्मीदवार दोनों दिए गए पदों के लिए आवेदन कर सकता है।

05 अनारक्षित/ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों से रूपए 500/- (पाँच सौ रूपए केवल) और आरक्षित वर्ग, जो हैं अनुसूचितजाति/अनुसूचित जनजाति/विक्लांग व्यक्ति/भूतपूर्व सैनिक/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों से रूपए 250/- (दो सौ पचास रूपए केवल) की अप्रतिदेय (नॉनरिफंडेबल) ऑनलाइन फीस के साथ-साथ लागू लेन-देन प्रभार (ट्रांजैक्शन चार्ज) लिया जाएगा।

06 उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के प्रत्येक स्तर पर अपने खर्च पर उपस्थित होंगे। उन्हें कोई यात्राभत्ता /महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।

07 चपरासी/अर्दली/डाक पियन, चौकीदार और स्वीपर/सफाई कर्मचारी के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं पास (मैट्रिक) या समतुल्य है।

08 प्रोसेस सर्वर के पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं पास (मैट्रिक) या समतुल्य/उच्चतर माध्यमिक (हायर सैकेंडरी) सहित हल्के मोटर वाहन (एल.एम.वी.) का ड्राइविंग लाइसेंस और ड्राइविंग में 2 वर्ष का बेदाग अनुभव होना चाहिए।

09 दिनांक 01-01-2021 को आयु 18 साल से कम और 27 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए (यानि उम्मीदवार आवश्यक रूप से 02-01-1994 से पहले और 01-01-2003 के बाद जन्मा नहीं होना चाहिए)। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मामले में 05 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में 03 वर्ष, विक्लांग व्यक्तियों के मामले में 10 वर्ष और भूतपूर्व सैनिकों और सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के मामले में नियमानुसार आयु सीमा में छूट है। (अधिक जानकारी के लिए कृपया सामान्य अनुदेशों (कॉमन इंस्ट्रक्शन्स)का संदर्भ ग्रहण करें)।

10 परीक्षा (वस्तुनिष्ठ/बहु विकल्पी-प्रश्न(एमसीक्यू टेस्ट) के आयोजन की तारीख, कुशलता/ड्राइविंग टेस्ट, साक्षात्कार परिणाम और अन्य सूचनाएँ जिला न्यायालय दिल्ली की आधिकारिक वेबसाइट www.delhidistrictcourts.nic.in पर अपलोड की जाएंगी। उम्मीदवारों को कोई भी सूचना प्राप्त करने के लिए उक्त आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से स्वंय जाँच करनी होगी। इसके विषय में व्यक्तिगत तौर पर किसी उम्मीदवार को सूचित नहीं करेगा।

11 परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि वे परीक्षा में उपस्थित होने के लिए पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। सभी स्तरों पर उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पूरी तरह अस्थाई है और पात्रता की निर्धारित शर्तों को पूरा करने की संतुष्टि पर निर्भर करती है। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता की किसी शर्त को पूरा नहीं करता है, या उम्मीदवारों द्वारा दी गई सूचना असत्य है तो कोई नोटिस या आगे का संदर्भ दिए बिना उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी।

12 विस्तारपूर्वक विवरण के लिए, उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन-पत्र दाखिल करने के लिए **"सामान्य अनुदेशों (कॉमन इंस्ट्रक्शन्स)"** को जरूर पढ़ें, जो जिला न्यायालय दिल्ली की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों को सुझाव दिया जाता है कि जिला न्यायालय दिल्ली की वेबसाइट जो है www.delhidistrictcourts.nic.in को नियमित रूप से देखें।

**कृते/-**
अध्यक्ष
भर्ती समिति,
कार्यालय प्रधान जिला एवम् सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय),
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली।